संसद सदस्यों ने श्री राजीव गाँधी को श्रद्धासुमन अर्पित किये

नई दिल्ली; 20 अगस्त, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला तथा राज्य सभा मे नेता प्रतिपक्ष, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

पुष्पांजलि अर्पित करने वाले विशिष्टजनों में अनेक संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे।

इस अवसर पर लोक सभा एवं राज्य सभा के महासचिव क्रमशः श्री उत्पल कुमार सिंह तथा श्री पी. सी. मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 20 अगस्त 1993 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्री राजीव गांधी के चित्र का अनावरण किया था।